# खाद्यान्न आवंटन की भ्रामक जानकारी

## संदिग्ध राशन कार्डधारियों पर धीमी गति से कार्रवाई पर नाराजगी जताई संभागायुक्त ने

नवभारत न्यूज

**सागर 10 सितंबर. संभागयुक्त अनिल सुचारी ने सागर संभाग के सभी जिला आपूर्ति अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शासकीय राशन दुकाने निर्धारित दिवसों में निर्धारित समय पर खुलें और राशन दुकानों से हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं.**

कमिश्नर ने निर्देश दिए कि निर्धारित दिवसों में किसी भी स्थिति में राशन दुकानें बंद नहीं होनी चाहिए. कमिश्नर ने कहा कि हितग्राहियों को समय पर और सहजता के साथ राशन मुहैया होना चाहिए. कमिश्नर ने उक्त निर्देश मंगलवार को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए. समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने राशन कार्डधारियों के ईकेवाईसी कार्य की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की. कमिश्नर ने ईकेवाईसी कार्य में सागर संभाग के सभी जिलों में आपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई. कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि वे राशन कार्ड धारियों के ईकेवाईसी का कार्य तेजी पूर्ण कराएं. बैठक में कमिश्नर ने संदिग्ध राशन कार्ड धारियों के प्रकरणों की जांच कर ऐंसे सभी संदिग्ध राशन कार्ड धारियों के राशन कार्ड निरस्त करने के कार्य की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई. संयुक्त संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए की संदिग्ध राशन कार्ड धारियों पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक सप्ताह की समयावधी में प्रस्तुत करें.



बैठक में कमिश्नर ने खाद्यान्न उठाव और आवंटन की जिलेवार समीक्षा की. समीक्षा के दौरान माध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के संचालन के लिए कम खाद्यान्न उठाव के कारणों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए. बैठक में कमिश्नर ने संभाग स्तरीय समीक्षा के दौरान खाद्यान्न उठाव की भ्रामक जानकारी प्रस्तुत करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की. कमिश्नर ने इस उदासीनता और लापरवाही के लिए सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी निवाड़ी और टीकमगढ़ को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. बैठक में प्रभारी संयुक्त संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे.

### समीक्षा बैठक 16 को

**सागर.** अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी अधिकारी सागर संभाग की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन 16 सितंबर को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी द्वारा सभी संभागीय अधिकारियों से अपने विभाग से संबंधित संभाग स्तर के विकास कार्यों एवं अन्य योजनाओं की पीपीटी 11 सितंबर को शाम 4 बजे तक अनिवार्य रूप से कमिश्नर कार्यालय की ई-मेल आईडी पर भेजने के निर्देश दिए है. कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि सेवा पर्व की कार्य योजना लेकर सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुख उपस्थित हो. कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स से अपेक्षा है कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले की समेकित कार्ययोजना लेकर उपस्थित रहे.

# अंतर्मन से क्षमाभाव सबसे बड़ा धर्म

## जैन भ्रात संघ द्वारा क्षमापना समारोह का 52वां आयोजन, समाज की एकता पर बल

नवभारत न्यूज

**सागर 10 सितंबर. पर्वराज पर्यूषण पर्व के सानंद समापन पर जैन भ्रात संघ के तत्वावधान मे क्षमापना समारोह का 52 वां आयोजन आज मंगलवार को वर्णी वाचनालय सभागार मे हुआ. अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष अजित मलैया ने की.**

समारोह में पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि अंतर्मन से क्षमाभाव सबसे बड़ा धर्म है. उन्होने जैन समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि आज पूरा विश्व जैन साधु-संतों की चर्या और त्याग को नमन कर रहा है. जैन समाज द्वारा शुरु दिन में शादी और क्षमापना समारोह को हर वर्ग स्वीकार भी कर रहा है. जैन समाज के दान और पुर्ण्य पर चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि सभी वर्ग यह भी स्वीकार करते हैं कि मंदिरों का निर्माण समाज अपने स्वंय के दान



और वैसे ही कर रहा है. जो भी वाद-विवाद की स्थितियां बनीं भी वे दशलक्षण पर्व के बाद से समाप्त मानी जायेंगी. इस अवसर पर पंडित ज्ञानचंद जैन, हरगोविंद विश्व, पूर्व विधायक श्रीमती सुधा जैन, अशोक फुसकेले, दिलीप रांधेलीय, अशोक वीर, सुभाष सराफ, डॉ. गजाधर सागर, कैलाश सिंघई, सुरेश सांधेलिया, देवेन्द्र लुहारी,डॉ. अरूण सराफ, डॉ. महेन्द्र जैन,डॉ. अरविंद जैन, राजेश सिंघई, राहुल बिलहरा मंचासीन रहे. संयोजक राजकुमार पड़ेले ने आभार माना. कार्यक्रम में हीरालाल जैन, अशोक जैन, राकेश जैन चच्चाजी, अजित सराफ, अरविंद जैन, पेट्रिस फुसकेले, सुबोध जैन, जिनेश जैन बहरोल, सुरेंद्र खुर्देलीय, मुकेश जैन, अभिलाष चौधरी, जय कुमार जैन, अजित जैन, संजय शास्त्री, अभय जैन बरायठा, परमेष्ठी जैन, संकल्प मलैया, अतुल जैन, प्रहलाद साहू, संदीप जैन, आलोक जैन, समीर जैन, संजय जैन ने सहभागिता की. संचालन अशोक पिडरूआ ने किया और मंगलाचरण पंडित उदय चंद शास्त्री ने किया.

### एक नजर में



### बीएमसी में मातृभाषा पोस्टर प्रतियोगिता

**सागर.** चिकित्सा शिक्षा में मातृभाषा को प्रोत्साहन दिए जाने हेतु बीएमसीम में अधिष्ठाता डॉ. पीएस ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में मातृभाषा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. चयन समिति अध्यक्ष डॉ. रोहित त्रिवेदी एवं सदस्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा, डॉ. अमित सक्सेना रहे. आयोजन डॉ. शैलेंद्र पटेल, डॉ. गौरव तिवारी द्वारा किया गया. प्रतियोगिता में प्रथम रोहित चेलानी, द्वितीय रूचि शर्मा एवं तृतीय स्थान पर वंशिका मिश्रा रही.




### वाल्मीकि समाज ने दिया ज्ञापन

**सागर.** वाल्मीकि समाज ने मध्यप्रदेश महा वाल्मीकि पंचायत के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा. आवेदन में उल्लेख किया गया कि मनोज पटेल (मुकद्दम) नामक व्यक्ति ने सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक पर आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग किया, जिससे वाल्मीकि समाज की भावनाएं आहत हुई हैं. सिविल लाइन थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि आरोपी के खिलाफ जल्द ही एससी/एसटी एक्ट एवं अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाएगा. इस दौरान अम्बर वाल्मीकि, जगदीश जारोलिया, गजेंद्र बोहत, सोनू चुटिले, विवेक वाल्मीकि, रिंकू वाल्मीकि, सिद्धांत खरे, अभिषेक, ऋषभ, राज, अक्षय, दीपेश, सुमित, नानू आदि मौजूद रहे.



### नि :शुल्क शिविर में 80 नेत्र मरीजों की जांच

**रहली.** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट के माध्यम से निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. रघुनाथ पटेल की पुण्य स्मृति में आयोजित निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर के संयोजक अनिल पटेल ने बताया कि 80 नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिसमें 15 बुजुर्ग मोतियाबिंद के रोगी पाए गए जिनके ऑपरेशन हेतु ट्रस्ट की निजी बस से चित्रकूट भेजा गया है. डॉ. कन्हैयालाल, डॉ यादव ने नेत्र परीक्षण किया. शिविर में कृष्ण ठाकुर, अजय गुप्ता, महेंद्र ठाकुर आदि मौजूद रहे.



### 26 बकायादारों ने जमा किए पौने दो लाख रुपए

**राहतगढ़.** तहसील कार्यालय जैसीनगर में तहसीलदार हरीश ललवानी की अध्यक्षता में आरआरसी रिकवरी कैंप का आयोजन किया गया. यह कैंप सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा जैसीनगर के बकायादारों के लिए आयोजित किया गया था. कैंप में 195 बकायादारों को आरआरसी नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से लगभग 80 बकायादारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. इनमें से 26 बकायादारों ने 1,75,000 रू. की राशि जमा की एवं ऋण समझौते हेतु सहमति भी प्रदान की.कुछ बकायादारों ने भुगतान के लिए समय मांगा, जिसे बैंक द्वारा प्रदान किया गया. उन्हें समझाइश दी गई कि वे समय-सीमा में अपना बकाया चुकता करें. शाखा प्रबंधक निर्शात जैन ने कहा कि सभी बकायादार समय पर भुगतान करें, जिससे उनकी ब्ढप्स् रिपोर्ट संतुलित बनी रहे. इससे वे भविष्य में सरकारी योजनाओं में ऋण सुविधा का लाभ उठा सकेंगे.

# भूमि विवाद में तहसील परिसर में हंगामा, युवक को भेजा गया जेल

नवभारत न्यूज

**सागर 10 सितंबर. केसली में भूमि विवाद को लेकर हुए हंगामे के बाद एक युवक को पुलिस की सहायता से जेल भेजा गया है.**

मामला किशनपुर मौजा की जमीन से जुड़ा हुआ है, जिस पर कब्जा छोड़ने को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है. मिली जानकारी के अनुसार अनावेदक मदन यादव पिता जगन्नाथ यादव निवासी देवरीकलां तहसील परिसर पहुंचा था. उस पर आरोप है कि उसने आवेदक मंजू पति के.सी. जैन निवासी किशनपुर की भूमि (खसरा नंबर 247, रकबा 0.66 हेक्टेयर) पर वर्ष 2022 से कब्जा कर रखा है.

तहसीलदार प्रेमनारायण सिंह ने बताया कि तहसील रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2022 में भी मदन यादव ने भूमि से कब्जा छोड़ने का आवेदन दिया था, लेकिन राजस्व निरीक्षक और पटवारी द्वारा किए गए सत्यापन में पाया गया कि कब्जा नहीं छोड़ा गया. वर्तमान में भी आधे रकबे पर मक्का बोई हुई मिली. जब पीठासीन अधिकारी ने कब्जा खाली करने के लिए कहा तो युवक ने शांति भंग करने का प्रयास किया. मौजूद अधिकारियों ने पुलिस को बुलाया. तत्पश्चात आरोपी मदन यादव को पुलिस की मदद से जेल भेजने की कार्रवाई की गई.

# फल ठेले वाले को कटर मारकर किया घायल

नवभारत न्यूज

**सागर 10 सितंबर. गोपालगंज थाना अंतर्गत शहर के व्यस्ततम जिला चिकित्सालय रोड पर नशे में धुत असामाजिक तत्वों का आतंक दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है.**

मिली जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय रोड पर एक होटल के सामने फल बेच रहे ठेलेवाले से कुछ युवक मुफ्त में केले मांगने लगे. जब दुकानदार ने पैसों की बात कही तो बदमाशों ने कटर से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया. आनन-फानन में लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया.



इसी तरह एक दिन पहले संजय ड्राइव रोड पर भी नशे की हालत में कुछ युवकों ने एक होटल कर्मचारी को रोककर पहले पैसे की मांग की, विरोध करने पर उस पर कटर से वार किया गया, जिससे उसको गहरा घाव हो गया और उसे कई टांके आए है.

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शाम ढलते ही इस इलाके में नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है. जिला चिकित्सालय, बीएमसी और निजी अस्पतालों की मौजूदगी के कारण इस रोड पर दिन-रात लोगों का आना-जाना रहता है. इस इलाके के व्यापारियों ने कहा कि रात के समय पुलिस की गश्त न के बराबर है. इस कारण बदमाश बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस रोड पर नियमित गश्त बढ़ाई जाए, असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई कर उनमें कानून का खौफ पैदा किया जाए.

### त्रिदिवसीय सहज समाधि ध्यान योग

**सागर.** आर्ट ऑफ लिविंग के सागर चेप्टर द्वारा 19 से 21 सितंबर तक तीन दिवसीय सहज समाधि ध्यान योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह शिविर प्रतिदिन दो सत्रों में संचालित होगा प्रातः 6.30 से 8.30 बजे तक और सायं 6.00 से 8.00 बजे तक. आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक कपिल मलैया ने जानकारी देते हुए बताया कि सहज समाधि ध्यान योग साधारण ध्यान विधियों से अलग और अत्यंत प्रभावी तकनीक है. प्रत्येक प्रतिभागी को एक विशिष्ट व्यक्तिगत मंत्र दिया जाता है.

# गौशालाओं में जीवन रक्षा के भाव होते हैं

नवभारत न्यूज

**सागर 10 सितंबर. गौशालाओं में जीवन की रक्षा के भाव होते हैं क्योंकि गायो का कोई स्वामी नहीं होता है गौशाला में हजारों पशुओं को जीवन दान मिल रहा है जितना बन सके तो मूक पशुओं की रक्षा में अपने धन का सदुपयोग करें.**

यह बात मुनिश्री विमल सागर महाराज ने चौधरन बाई जैन मंदिर में कहीं. उन्होंने कहा कि गौशाला में अच्छा मान स्तंभ होना चाहिए एक बार णमोकार मंत्र पढ़ने से या सुनने से 500 सागर के पाप नष्ट होते हैं. उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए गाढा तेल उपयोग करें और दूध पतला यानी गाय का पीना चाहिए भैंस का नहीं यह स्वस्थ रहने का महत्वपूर्ण कारण बुद्धि भी अच्छी रहती है. भैंस का दूध पीने वाले आलसी होते हैं और गाय का दूध पीने वाले बहुत इंटेलिजेंट होते हैं, भैंस के आगे बीन बजाना पड़ती है गाय के आगे कभी नहीं बजाना पड़ती है. भैंस के दूध के बने आइटम भी पचाना कठिन होता है शरीर के लिए नुकसानदायक होते है जरूरत पड़ने पर भैंस का दूध पतला करके पीना चाहिए. मुनिश्री ने कहा कि धर्म बहुत उत्कृष्ट और श्रेष्ठ है निरंतर इसकी आराधना करते रहना चाहिए. एक घर से एक श्रीफल प्रतिदिन मंदिर में चढ़ाना चाहिए उसका उत्कृष्ट फल मिलता है और धन वैभव बढ़ता है.

### वर्णी जी की जयंती मोराजी में मनेगी

जैन धर्म के प्रखंड विद्वान रहे पंडित गणेश प्रसाद वर्णी की 152 वीं जयंती 11 सितंबर को मोराजी तीर्थ क्षेत्र में मुनिश्री विमल सागर और मुनिश्री अनंत सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में मनाई जाएगी. मुकेश जैन ढाना ने बताया प्रतिदिन सुबह मोराजी से वर्णी जी की जयंती पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी. जो तीनबत्ती होकर वापस मोराजी पहुंचेगी.

### युवा संवाद आज

**सागर.** स्वामी विवेकानंद के द्वारा शिकागो में विश्व धर्म संसद को संबोधित करने के उपलक्ष्य में 11 सितंबर गुरुवार को मोतीनगर चौराहा स्थित महाकवि पद्माकर सभागार में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है. युवा संवाद कार्यक्रम के आयोजक अविराज सिंह ने बताया कि युवा संवाद का विषय वैश्विक चुनौतियों का समाधान और भारतीय दृष्टिकोण है. महाकवि पद्माकर सभागार में 12 बजे से आयोजित युवा संवाद परम पूज्य दादा गुरू महाराज के सानिध्य में होगा. अध्यक्षता रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय के कुलपति विनोद मिश्रा करेंगे.

# शिक्षक सम्मान समारोह




नवभारत न्यूज

**सागर 10 सितंबर.जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 के द्वारा शिक्षक सम्मान का आयोजन किया गया.**

शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में मुख्य अतिथि कमलेंद्र जैन के आतिथ्य में हुआ. इस अवसर पर अरुण चंदेरिया, संजय जैन, आलोक जैन, महेश जैन, विमल जैन, अनीता जैन, मंजू सतभैया, सुरेश जैन अध्यक्ष, रविंद्र जैन, हेमचंद जैन, पीसी जैन, संतोष जैन, अरविंद जैन, आरके जैन, वीरेंद्र जैन, ज्ञानचंद नायक, सुभाष जैन मौजूद थे.

### अवैध शराब जब्त

**सागर.** मोतीनगर थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को पकड़ा है. आरोपी से सात पेटियों में भरी 350 पाव देशी शराब और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है. बरामद शराब की कीमत करीब 28 हजार रुपए आंकी गई है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि अर्जनी रोड बालाजी मंदिर के पास एक युवक मोटरसाइकिल से शराब लेकर आया है. पुलिस ने घेराबंदी की गई. इसी दौरान पुलिस को देखकर आरोपी झाड़ियों में छिपने का प्रयास करने लगा, जिसे दबोच लिया गया. पूछताछ में आरोपी ने नाम शुभम सेन निवासी शनिचरी कृष्णगंज वार्ड, थाना गोपालगंज बताया. झाड़ियों के पास जांच करने पर सात कार्टून मिले, जिनमें प्रत्येक में 50-50 पाव देशी प्लेन शराब रखी थी. पूछताछ में शुभम सेन ने कबूल किया कि यह शराब राहतगढ़ बस स्टैंड के समीप रहने वाले समीर से खरीदी थी.

# शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ी चयनित

नवभारत न्यूज

**रहली 10 सितंबर. छतरपुर में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है. शासकीय स्कूल ग्रामीण कन्या शाला रहली तथा प्राईवेट स्कूल के छात्र-छात्राएं भी चयनित हुई हैं.**

संभागीय प्रतियोगिता में दीपू नामदेव ने 5000 मीटर पैदल चाल में प्रथम एवं ऊंची कूँद में द्वितीय,वैशाली सेन ने 3000 मीटर दौड़ में प्रथम, कृष्ण कुमार चौबे ने लंबी कूँद में प्रथम एवं 4×400 रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरान्वित किया है. रोलर स्केटिंग अंडर 14 वर्ष बालक वर्ग में अंश बाल्मीकि ने



500 मीटर एवं 1500 मीटर दोनों इवेंट में प्रथम स्थान,अंडर 17 बालक वर्ग 1500 मीटर में लखन लड़िया ने द्वितीय स्थान, अंडर 17 बालक वर्ग में अंश बेलदार ने 1000 हजार मीटर में द्वितीय स्थान,अंडर 17 बालिका वर्ग में अमृता दुबे ने 500 मीटर ने प्रथम एवं 1000 मीटर में द्वितीय स्थान, अंडर 19 बालक वर्ग 500 मीटर में देव ठाकुर ने प्रथम एवं 1500 मीटर में द्वितीय स्थान, अनुज पटेल ने 1000 मीटर में प्रथम एवं 500 मीटर में द्वितीय,अनुज श्रीवास्तव ने 1500 मीटर में प्रथम एवं 1000 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रदर्शन किया है.

रहली विकासखंड के अन्य विद्यालयों के खिलाड़ियों में ध्रुव सेन छिरारी ने ट्रिपल कूँद में प्रथम स्थान, इंद्राज गौंड खैराना ने गोला फेंक में प्रथम स्थान,शाद खान आनंद घोषी ने 4×400 रिले दौड़ में प्रथम,अंशिका दुबे रामपुर ऊंची कूंद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया.

# तीन गांवों में शराबबंदी का सामूहिक निर्णय

नवभारत न्यूज

**बांदरी 10 सितंबर. ग्रामीण क्षेत्रों में भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा किए जा रहे प्रयास अब रंग ला रहे हैं.**

ग्राम बोवई, खड़ौआ व रजौआ गांव के लोगों ने संगठन की पहल पर इस बुराई को दूर करने व इन गांवों में पूरी तरह से शराबबंदी का फैसला लिया है. इस फैसले को कड़ाई से लागू कराने के लिए इसका उल्लंघन करने पर जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है. पुलिस थाना में संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ सर्वसम्मति से शराबबंदी के लिए गए निर्णय को लेकर ज्ञापन दिया.



ज्ञापन में ग्रामीणों का कहना है कि शराब की वजह से कई घर-परिवार बर्बाद हो गए हैं. गांव में आए दिन शराब पीकर मारपीट की घटनाएं भी सामने आती हैं. इस पर लगाम लगाने के लिए ये फैसला लिया गया है. ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापनों में बताया गया है कि बोवई, खड़ौआ व रजौआ गांवों में शराब सभी प्रकार के नशे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. जो भी व्यक्ति इस फैसले का उल्लंघन करेगा, जैसे शराब बेंचने पर 51000/हजार रूपये व पीने पर 11 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा. भगवती मानव कल्याण संगठन के चालीराजा ने बताया कि सामाजिक अनुशासन को लेकर स्पष्ट संदेश दिया गया कि अब किसी भी कीमत पर गांव में शराब और शराब का नशा बर्दाश्त नहीं होगा. ग्रामीणों के शपथ लिए जाने के मौके पर संगठन के पदाधिकारियों ने लोगों का हौसला अफजाई की. ज्ञापन देते समय तीनों गांवों के लोगों के अलावा संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.

### मामला दर्ज

**रहली.** महंगा मुर्गा बेचने का आरोप लगाते हुए ग्राहक ने दूकानदार की पिटाई कर दी ग्राहक पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ है. पुलिस के अनुसार जूना निवासी पंचू अहिरवार मुर्गा बेचने का काम करता है. पंचू सामूदायिक भवन के पास मुर्गा रखकर बेंच रहा था. उसी समय महेंद कुर्मी का लड़का सौरभ कुर्मी आया और 100 रुपए का मुर्गा मांगा और लेकर चला गया. कुछ देर बाद सौरभ का पिता महेंद कुर्मी आया और जातिगत गालियां देकर कहने लगा कि मुर्गा ज्यादा भाव से बेंच रहा है. पंचू ने कहा कि मुर्गा मंहगा आया है इस कारण मंहगा बेंच रहा हूं.


IIFL FINANCE

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लेटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **16.09.2025 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के फ्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के फ्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **26.09.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **सागर मक्रोनिया-जबलपुर रोड जीएल - आईआईएफएल गोल्ड लोन, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक के पास, जबलपुर रोड, ग्राउंड फ्लोर सागर मकरोनिया (म.प्र.) पिन 470004**

**शाखा का नाम: बीना-स्टेशन रोड जीएल, तालुका -बीना**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL34571662, GL34520205, GL29035133, GL35971520, GL29091900, GL28811057, GL28770193, GL34332299, GL29033246, GL34260430, GL28415364, GL28655481, GL28852020, GL31615328, GL31626348, GL34433329, GL32661341, GL32643323, GL34523177, GL37759966, GL29138884, GL28879626, GL28566988, GL28968864, GL37025604, GL32984801, GL32963115, GL33909390, GL29031718, GL33754428, GL34530532, GL34541545, GL28814414, GL29038108, GL28447867, GL34603306.

**शाखा का नाम: खुरई-जीएल, तालुका - खुरई**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL34530534, GL34522476, GL34352080, GL33937614, GL34478408, GL34476881, GL33932320, GL32780853.

**शाखा का नाम: सागर मक्रोनिया-जबलपुर रोड जीएल, तालुका -बाँदा**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL34182124, GL34191120, GL34349058, GL34495823, GL34505760, GL30068056, GL31634520, GL34462011, GL34457723, GL30980132, GL34455481, GL40073306, GL34461057, GL34441714.

**शाखा का नाम: सगरा-परकोटा जीएल, तालुका -सागर**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL34471805, GL34480263, GL30620478, GL33705113.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: **11.09.2025**
स्थान: सागर

Sd/-
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड